महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

Contact No. 0581-2520487, 2527282, 2523378, Website: www.mjpru.ac.in

पत्रांक : रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2024 / 891 दिनांक : 10.09.2024

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय परिसर, बरेली

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

विषय : सत्र 2024–25 ऑनलाईन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश हेतु तिथि विस्तारण के सम्बन्ध में,

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयोंमें (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेशों को छोड़कर) मेरिट के आधार पर होने वाले (सर्टिफिकेट / डिप्लोमा / पी.जी.डिप्लोमा / स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम) ऑनलाईन प्रवेश को सुनिश्चित करने की अन्तिम तिथि 10.09.2024 थी। परन्तु कतिपय महाविद्यालयों एवं छात्रों द्वारा अवगत कराया गया है कि तकनीकी त्रुटि के कारण उनके पंजीकरण अथवा प्रवेश विश्वविद्यालय पोर्टल पर सुनिश्चित होने से रहे गये हैं।

सम्यक् विचारोपरान्त छात्र एवं महाविद्यालयों के अनुरोध एवं उनके हित को दृष्टिगत रखते हुये ऐसे अपूर्ण प्रवेशों को नियमानुसार पूर्ण करने हेतु रू. 600/- पंजीकरण शुल्क के साथ अथवा पूर्व में पंजीकृत छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये तिथियाँ निम्नवत हैं।

चूँकि सेमेस्टर प्रक्रिया के अन्तर्गत समयान्तर्गत पठन पाठन सुनिश्चित कराते हुये बिना सत्र विलम्ब किये समय से परीक्षायें सम्पादित कराना विश्वविद्यालय का दायित्व है, अतः इसके पश्चात् किसी भी स्थिति में प्रवेश सुनिश्चित करने अथवा प्रवेश न लेने के प्रकरणों पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	विश्वविद्यालय पोर्टल पर रू. 600 शुल्क के साथ ऑनलाईन पंजीकरण पुनः प्रारम्भ होने की तिथि	**21.09.2024**
2	विश्वविद्यालय पोर्टल पर रू. 600 शुल्क के साथ ऑनलाईन पंजीकरण की अन्तिम तिथि	**22.09.2024**
3	उ.प्र. शासन / विश्वविद्यालय एवं अन्य नियामक संस्थाओं के नियमों तथा आरक्षण हेतु निर्धारित नियमों के अधीन पूर्व में पंजीकृत एवं वर्तमान मे पंजीकृत छात्रों के प्रवेश सुनिश्चित करने की अन्तिम तिथि	**23.09.2024**

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 वित्त अधिकारी।
2 समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश।
3 परीक्षा नियंत्रक।
4 उप–कुलसचिव (सम्बद्धता)।
5 निजी सचिव–कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6 वै.सहा., कुलसचिव।
7 प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

कुलसचिव